दिनांक : 23.09.2025 समय : 07.10AM

आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :-

- केन्द्र सरकार ने चालू वित्त वर्ष में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत 25 लाख अतिरिक्त कनेक्शन देने का किया फैसला।
- राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर आज देश और प्रदेश में कई कार्यक्रमों का आयोजन।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज नई दिल्ली में 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार करेंगी प्रदान।
- शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन आज देवी मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना का दौर जारी।

उज्जवला योजना

केंद्र सरकार ने नवरात्रि के पहले दिन कल चालू वित्तवर्ष के दौरान प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 25 लाख अतिरिक्त एलपीजी कनेक्शन प्रदान करने का फैसला किया है। महिला लाभार्थियों को अभिवादन करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सरकार का यह कदम महिला सशक्तिकरण के संकल्प को और मजबूत करेगा। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बताया कि सरकार प्रत्येक नए कनेक्शन पर दो हजार से अधिक रुपये खर्च करेगी।

दसवां राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस-देश

आज दसवां राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस है। गोवा में केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। इस वर्ष आयुर्वेद दिवस का विषय “आयुर्वेद जन-जन के लिए, आयुर्वेद पृथ्वी के लिए“ रखा गया है। इस अवसर पर आयुर्वेद के क्षेत्र में विशिष्ट योगदानकर्ताओं को राष्ट्रीय धन्वंतरि आयुर्वेद पुरस्कार 2025 प्रदान किए जाएँगे।

दसवां राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस-प्रदेश

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज राज्य स्तरीय “10वें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस“ कार्यक्रम का शुभारंभ भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागृह में करेंगे। यहां आयुष वैलनेस टूरिज्म अंतर्गत आयुष विभाग एवं पर्यटन विभाग के मध्य एक एम.ओ.यू. होगा। मुख्यमंत्री आयुष जनस्वास्थ्य कार्यक्रम का 55 जिले की 55 इकाई में प्रसार एवं कैंसर रोगियों के लिए “कारुण्य“ कार्यक्रम और औषधि पौधों के लिए हेल्पलाईन का भी शुभारंभ करेंगे।

सेवा पर्व - स्मार्ट सिटी

सेवा और सुशासन, यानी जनसेवा और सुशासन के मंत्र पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार परिवर्तन और प्रगति के अथक प्रयास कर रही है। आज, इस विशेष श्रृंखला - ’सेवा पर्व’ में, हम आपके

लिए ला रहे हैं कि कैसे मोदी सरकार स्मार्ट सिटी मिशन के माध्यम से शहरी क्षेत्रों को नया रूप दे रही है और नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार ला रही है।

वीओ -

स्मार्ट सिटी मिशन भारत के शहरी परिदृश्य को नया रूप दे रहा है और आकांक्षाओं को वास्तविकता में बदल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जून 2015 में शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य स्मार्ट और टिकाऊ समाधानों के माध्यम से भारत के शहरों में जीवन गुणवत्ता को बेहतर बनाना है। पुणे में स्मार्ट सिटी परियोजनाओं का शुभारंभ करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि स्मार्ट सिटी की अवधारणा अपने आप में एक जन आंदोलन है। ये स्मार्ट सिटी कन्सेप्ट ये सिर्फ इस काम के लिए इतने पैसे दिए जाएंगे वो नहीं है, ये अपने आप में बहुत बड़ा जन आंदोलन है। ये बीते हुए कल के अनुभवों के आधार पर उज्जवल भविष्य की नींव रखने का एक सार्थक प्रयास है।

इस मिशन ने पिछले एक दशक में उल्लेखनीय प्रगति की है। आठ हज़ार से ज़्यादा परियोजनाओं में से लगभग 94 प्रतिशत अब पूरी हो चुकी हैं। इसके अतिरिक्त 13 हज़ार करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाएँ कार्यान्वयन के उन्नत चरणों में हैं, जिससे मिशन के अंतर्गत कुल निवेश लगभग एक दशमलव 64 लाख करोड़ रुपये हो गया है। इस पहल में मौजूदा क्षेत्रों का नवीनीकरण, विशिष्ट क्षेत्रों का पुनर्विकास और शहर-व्यापी स्मार्ट समाधान शामिल हैं। इसके अलावा स्कूलों को डिजिटल कक्षाओं से सुसज्जित किया जा रहा है, विरासत स्थलों का पुनरुद्धार हो रहा है, सार्वजनिक स्थलों को पुनः स्थापित किया जा रहा है और सड़कें अधिक बेहतर तथा सुरक्षित बन रही हैं। आधुनिक सड़कों, साइकिल ट्रैक और हरित गलियारों से लेकर उन्नत एकीकृत कमान और नियंत्रण केंद्रों तक, ये परियोजनाएँ शहरों के कामकाज के तरीके को नया रूप दे रही हैं। स्मार्ट सिटी मिशन के दस साल पूरे होने पर इसका प्रभाव पूरे देश में दिख रहा है। यह मिशन आज एक ऐतिहासिक पहल के रूप में खड़ा है, जो नए भारत के लिए शहरी विकास को नई परिभाषा दे रहा है। विष्णु की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से वैष्णवी।

सांकेतिक भाषा दिवस

अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस आज नई दिल्ली में मनाया जाएगा। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार भारतीय सांकेतिक भाषा अनुसंधान और प्रशिक्षण केंद्र के एक कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस दौरान डॉ. कुमार कई प्रमुख पहलों का शुभारंभ करेंगे। केन्द्रीय मंत्री आठवीं राष्ट्रीय भारतीय सांकेतिक भाषा प्रतियोगिता 2025 के विजेताओं को भी सम्मानित करेंगे।

मुख्यमंत्री-नई दिल्ली

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल नई दिल्ली में सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण के संबंध में राज्य सरकार द्वारा प्रतिबद्धता के साथ कार्यवाही की जा रही है। मुख्यमंत्री ने सोलिसिटर जनरल से इस संबंध में विस्तार से विमर्श किया। मुख्यमंत्री केन्द्रीय जल शक्ति राज्यमंत्री राजभूषण चौधरी से भेंट कर पेयजल संबंधी योजनाओं के संबंध में चर्चा की।

राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज नई दिल्ली में 71 वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्रदान करेंगी। सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का पुरस्कार हिंदी फिल्म 12वीं फेल को और सर्वश्रेष्ठ हिन्दी फिल्म का पुरस्कार कटहल को दिया जाएगा। सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार शाहरुख खान को जवान फिल्म के लिए और विक्रांत मैसी को 12वीं फेल के लिए संयुक्त रूप से दिया जाएगा। अभिनेता, निर्देशक और निर्माता मोहनलाल को 2023 के लिए प्रतिष्ठित दादासाहेब फाल्के पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

इंदौर हादसा

इंदौर के रानीपुरा क्षेत्र में कल रात एक तीन मंजिला मकान गिरने से दो लोगों की मौत हो गई और 12 लोग घायल हो गए हैं। बताया जाता है कि बारिश के कारण पानी भरने से मकान कमजोर हो गया था। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह, कलेक्टर शिवम वर्मा तत्काल मौके पर पहुंचे। जिला कलेक्टर ने बताया कि घायलों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जीएसटी-सीमेंट

अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार प्रभावी हो गए। नई कर संरचना के अंतर्गत जीएसटी परिषद ने अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 28 प्रतिशत की चार-स्तरीय संरचना से 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दो-स्तरीय संरचना में सरल बना दिया है। ये सुधार कई वस्तुओं और सेवाओं पर कर को कम कर लोगों को राहत प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

नवरात्र-दूसरा दिन

शारदीय नवरात्रि के दूसरे दिन आज मां ब्रहचारिणी की उपासना की जा रही है। प्रदेश के सभी देवी मंदिरों में सुबह से ही श्रृद्धालुओं का आना जारी है। शहडोल जिले के देवी धाम, कंकाली देवी, ब्योहारी का शारदा मंदिर, उज्जैन में हरिसिद्धि माता, देवास में बड़ी माता-छोटी माता मंदिर में सुबह से लोग आ रहे हैं। मैहर में शारदा माता, नर्मदापुरम के काली माता, हिंगलाज मंदिर, नरसिंहपुर के शारदा माता मंदिर में विशेष धार्मिक अनुष्ठान किया जा रहा है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- शिवपुरी जिले में आज राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर ढाई हजार से अधिक स्कूल और आंगनवाडी केन्द्रों पर दर्ज 6 लाख बच्चों एल्बेडाजॉल दवाई दी जाएगी।
- आगरमालवा कलेक्टर ने कल हुई टीएल की बैठक में पीला मोज़ेक व अन्य कारणों से फसल क्षति की समीक्षा की।
- एशिया कप क्रिकेट के सुपर 4 चरण में आज पाकिस्तान का मुकाबला श्रीलंका से होगा। यह मैच अबू धाबी में रात 8 बजे से खेला जायेगा।
- मौसम विभाग ने आज बैतूल, बुरहानपुर, खरगोन, बड़वानी जिलों में भारी वर्षा का यलो अलर्ट जारी किया है।

-------